उ0 प्र0 राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि0
(उ0 प्र0 सरकार का उपक्रम)
शक्ति भवन/शक्ति भवन विस्तार
14, अशोक मार्ग, लखनऊ–226001

संख्या : 4066–मा0सं0–01/वि0उ0नि0लि0/2014–8(9)मा0सं0–01/2014 दिनाँक : 30 अक्टूबर, 2014

कार्यालय ज्ञाप

उ0प्र0 राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि0 का कार्यालय ज्ञाप सं0 3555–मा0सं0–01/विउनिलि/2014 दिनांक 08.09.2014 द्वारा निगम कार्यहित में श्री द्विगविजेन्द्र पाल (92123), अधीक्षण अभियन्ता को पनकी तापीय परियोजना से पारीछा तापीय परियोजना को स्थानान्तरित किया गया था। श्री द्विगविजेन्द्र पाल ने उक्त स्थानान्तरण आदेशों का अनुपालन करने के बजाय स्थानान्तरण आदेशों के विरूद्ध मा0 उच्च न्यायालय, इलाहाबाद, लखनऊ बैंच, लखनऊ में एक याचिका सं0 1361 (एस/बी) ऑफ 2014 दाखिल की। मा0 उच्च न्यायालय ने अपने आदेश दिनांक 26.09.2014 द्वारा इनकी याचिका को खारिज करते हुए यह निर्देश दिये कि श्री पाल नव तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात् यदि चाहें तो सम्बन्धित स्थानान्तरण करने वाले अधिकारी को अपना प्रत्यावेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। श्री पाल ने पारीछा तापीय परियोजना पर दिनांक 03.10.2014 (अपरान्ह) को कार्यभार ग्रहण किया तथा तत्पश्चात् प्रत्यावेदन दिनांक 04.10.2014 प्रेषित किया है। अपने प्रत्यावेदन में मुख्यतया उन्होंने यह अभिकथित किया है कि उनका पुत्र दसवीं कक्षा में Delhi Public School, Kalyanpur, Kanpur में पढ़ रहा है। पारीछा तापीय परियोजना को स्थानान्तरण के फलस्वरूप उनके पुत्र की परीक्षा (Examintion)/तैयारी प्रतिकूल रूप से प्रभावित होगी।

उनके द्वारा दिये गये प्रत्यावेदन में उल्लिखित आधारों के आधार पर उनका स्थानान्तरण निरस्त नहीं किया जा सकता है। तथापि मामले में उदारता बरतते हुए एतद्द्वारा श्री द्विगविजेन्द्र पाल (92123), अधीक्षण अभियन्ता, पारीछा तापीय परियोजना को दिनांक 31.03.2015 तक की अवधि के लिए पनकी तापीय परियोजना में निम्नलिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन अभिनियोजित (Deploy) किया जाता है :–

(1) श्री डी0वी0 पाल, पारीछा तापीय परियोजना से कार्यमुक्ति का प्रमाण पत्र नहीं भरेंगे। केवल पनकी तापीय परियोजना के लिए रवानगी (Departure) रिपोर्ट करेंगे।

(2) पनकी तापीय परियोजना में कार्यभार ग्रहण प्रमाण पत्र नहीं भरेंगे। केवल ड्यूटी हेतु उपस्थिति, मुख्य अभियन्ता, पनकी तापीय परियोजना को प्रस्तुत करेंगे।

(3) पनकी तापीय परियोजना में वह मुख्य अभियन्ता, द्वारा सौंपे गये कार्यों, विशेषतः प्रोजेक्ट की सफाई (क्लीनिंग) कार्य को सिविल यूनिट की सहायता से सम्पन्न करायेगे।

(4) पनकी तापीय परियोजना में अवस्थान की अवधि अर्थात पनकी में रिपोर्ट करने की तिथि से दिनांक 31.03.2015 की अवधि में कोई अतिरिक्त वेतन/भत्ता तथा दैनिक भत्ता नहीं पायेंगे। इस अवधि के वेतन का भुगतान उन्हें पारीछा तापीय परियोजना से मिलेगा।

क्रमशः 2/–

D:\AMIT\Transfer $ Posting.doc

(5) वह दिनांक 01.04.2015 को वापस पारीछा तापीय परियोजना में रिपोर्ट करेंगे।

(6) वह पनकी तापीय परियोजना में आवंटित विभागीय आवास दिनांक 31.03.2015 तक अध्यासित कर सकते हैं।

संजय अग्रवाल
अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक

संख्या : 4066(1)मा0सं0–01/वि0उ0नि0लि0/2014–तददिनॉक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1– अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि0, शक्ति भवन, लखनऊ के निजी सचिव।

2– निदेशक (कार्मिक/तकनीकी/वित्त), उ0प्र0रा0वि0उ0नि0लि0, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ के निजी सचिव।

3– मुख्य अभियन्ता, ओबरा/अनपरा/हरदुआगंज/पनकी/पारीछा तापीय विद्युत परियोजना, उ0प्र0रा0वि0उ0नि0लि0, ओबरा (सोनभद्र)/अनपरा (सोनभद्र)/कासिमपुर (अलीगढ़)/पनकी (कानपुर)/ पारीछा (झॉसी)।

4– मुख्य अभियन्ता, तापीय परिचालन/ईंधन/वाणिज्य/जानपद/पीपीएमएम/पर्यावरण एवं सुरक्षा/आर0 एण्ड एम0, उ0प्र0 राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि0, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।

5– मुख्य महाप्रबन्धक (वित्त), उ0प्र0 राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि0, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।

6– कम्पनी सचिव, उ0प्र0 राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि0, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।

7– महाप्रबन्धक (लेखा), उ0प्र0 राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि0, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।

8– मुख्य परियोजना प्रबन्धक (प्रगति), उ0प्र0रा0वि0उ0नि0लि0, चतुर्थ तल, नवीन भवन, टीसी/46वी, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ–226010.

9– उप महाप्रबन्धक/अधीक्षण अभियन्ता, (मा0सं0–01/02/03/04/05/06)/रिफॉर्म/तापीय परिचालन इकाई/टाण्डा वाइंडिग सेल/प्रशिक्षण, उ0प्र0रा0वि0उ0नि0लि0, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।

10– मुख्य प्रबन्धक (वित्त एवं लेखा), कैश प्रबन्धन इकाई उ0प्र0रा0वि0उ0नि0लि0, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।

11– लेखाधिकारी (वेतन एवं लेखा), उ0प्र0रा0वि0उ0नि0लि0, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।

12– श्रीमती पूनम मिश्रा, सहायक अभियन्ता (डाटाबेस), सम्बद्ध उप महाप्रबन्धक (मा0सं0–01), उ0प्र0रा0वि0उ0नि0लि0, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।

13– अनुभाग अधिकारी (मा0सं0–06), उ0प्र0 राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।

14– सम्बन्धित अधिकारी/वैयक्तिक पत्रावली/कट फाईल।

आज्ञा से,

(सैय्यद यूसुफ हसन)
अनु सचिव (मा0सं0–01)

D:\AMIT\Transfer $ Posting.doc